नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 05/2021
Dt-02.01.2021

सेवा में,
माननीय उप मुख्यमंत्री सह मंत्री
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना

विषयः— मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर में एक आधुनिक बस स्टैंड निर्माण के संबंध में।

महोदय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर में नगर पंचायत है साथ ही बहुत बड़ा बाजार है जो बड़े शहर का रूप ले लिया है। साथ ही यहाँ प्रखंड, सबसे पुराना अनुमंडल आदि अनेक कार्यालय, निबंधन कार्यालय, खेल मैदान, अस्पताल, बैंक, पुलिस कार्यालय, हाट बाजार, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण कार्य जारी है। लेकिन झंझारपुर में एक भी बस स्टैंड नही है।

NH-57 पोरबन्दर से सिलचर इस्ट—वेस्ट कोरीडोर का एक हिस्सा है, जिसपर अंतर्राज्यीय बसों का आना—जाना लगा रहता है। NH-57 को उत्तर बिहार का लाईफ—लाईन कहा जाता है। झंझारपुर से विभिन्न जिलों एव अंतर्राज्यीय परिवहन सेवा जारी है। इस जगह से झंझारपुर एवं फुलपरास प्रखण्ड के स्थानीय निवासियों का भारी मात्रा में आवागमन होता है। यहाँ से सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों की परिवहन सेवा उपलब्ध है।

झंझारपुर में बस स्टैंड नहीं रहने के कारण जाड़ा, गर्मी एवं बरसात में यात्रियों को खासकर महिलाओं, बुजूर्गों एवं बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती है। जनता की चिर—प्रतीक्षित माँग बस स्टैंड का निर्माण कराना जनहित में आवश्यक है। जिसमें जन सुविधाओं यथा शौचालय, पीने का पानी आदि की व्यवस्था हो।

अतएंव अनुरोध है कि झंझारपुर में समुचित जगह पर एक आधुनिक बस स्टैंड निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in